**आकाशवाणी**

**क्षेत्रीय समाचार एकांश**

**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**शनिवार 12.10.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :—**

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड सहित देश के 11 सीमावर्ती राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- दशहरा का पर्व आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।
- बदरीनाथ धाम के कपाट 17 नवम्बर और यमुनोत्री धाम के कपाट 3 नवंबर को शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए जाएंगे।
- देहरादून जिले के त्यूणी में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु।

**बीआरओ**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सीमा सड़क संगठन— बीआरओ द्वारा दो हजार दौ सौ 36 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 75 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का निर्माण उत्तराखंड सहित देश के 11 सीमावर्ती राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने से पहले विकास की गति रूक गई थी और सीमावर्ती राज्य विकास के अवसरों से वंचित थे। उन्होंने कहा पिछले साल की तुलना में सरकार ने इस बार के बजट में 30 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

सीमा सड़क संगठन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में पूरी हुई बुनियादी ढांचे की ये परियोजनाएं विशेष रूप से दूरदराज और वंचित क्षेत्रों के उत्थान के लिए काफी सहायक होंगी। श्री धामी ने कहा कि ये बुनियादी ढांचा परियोजनाएं क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक सतत विकास और समृद्धि को बढ़ावा देंगी। उन्होंने कहा कि नए पुलों के निर्माण से राज्य में कनेक्टिविटी बेहतर होगी साथ ही यात्रा कम समय में पूरी हो सकेगी। इससे धार्मिक और सामान्य पर्यटन के साथ ही सांस्कृतिक आदान—प्रदान को बढ़ावा मिलेगा तथा उत्तराखंड एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित होगा।

**<u>दशहरा</u>**

दशहरा का पर्व आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को दशहरा पर्व की बधाई और शुभकामनाए दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि दशहरा का त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और यह हमें अपने अंदर की नकारात्मकताओं को छोड़कर सकारात्मकता और सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। दशहरा पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से भगवान श्रीराम की शिक्षाओं को आत्मसात कर जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया है।

राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष परेड ग्राउंड में 65 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके अलावा देहरादून के लक्ष्मण चौक, प्रेमनगर, पटेलनगर और प्रदेश के अन्य स्थानों पर रावण पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही कुंभकर्ण, मेघनाद के भी पुतले दहन किए गये। वहीं, हरिद्वार के रोड़ी बेलवाला मैदान में 70 फीट ऊंचे रावण के पुतले और 60 फीट ऊंचे कुंभकरण के पुतले का दहन किया गया। इसके साथ प्रदेशभर में आयोजित रामलीला मंचन का भी समापन हो गया है। कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए पहले से ही ट्रैफिक डायवर्ट प्लान जारी किया गया था।

### दोहरे डॉक्टरेट कार्यक्रम

ऊधमसिंह नगर के पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विश्व पटल पर छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए दोहरे डॉक्टरेट कार्यक्रम की नई पहल की है। उत्तराखंड में इस तरह की ये पहली पहल है। आकाशवाणी से बातचीत में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि विश्वविद्यालय और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के बीच पांच वर्षीय करार हुआ है, जिसके तहत हर साल विश्वविद्यालय के डॉक्टरेट कार्यक्रम के लिए चयनित दो छात्र–छात्राएं तीन वर्षीय डिग्री कार्यक्रम के दौरान 18–18 महीने दोनों विश्वविद्यालयों में अध्ययन करेंगे।

समझौता ज्ञापन के तहत पहले चरण में पंतनगर विश्वविद्यालय की मृदा विज्ञान पीएचडी की छात्रा नैनीताल निवासी मीनल सिंह और कीट विज्ञान पीएचडी की छात्रा ऊधमसिंह नगर निवासी रजनी डोगरा का चयन वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में दोहरे डॉक्टरेट कार्यक्रम के लिए हुआ है।

### मंदिर कपाट

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट 17 नवम्बर को रात नौ बजकर सात मिनट पर मिथुन लग्न में शीतकाल के लिए बंद किये जाएंगे। आकाशवाणी से बातचीत में श्री बदरी–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि कपाट बंद होने की तिथि आज विजयदशमी के अवसर पर मंदिर परिसर में पंचाग गणना के पश्चात तय की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में चारधाम यात्रा में बड़ी संख्या में तीर्थयात्री दर्शन को पहुंचे। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि देव डोलियों के शीतकालीन पूजा स्थल प्रस्थान के तहत 18 नवम्बर को श्री उद्धव जी, श्री कुबेर जी सहित रावल अमरनाथ नंबूदरी तथा आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी रात्रि प्रवास के लिए योग बदरी पांडुकेश्वर पहुंचेंगी।

वहीं, उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट भैया दूज पर्व पर तीन नवंबर को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए जाएंगे। यमुनोत्री के शीतकालीन गद्दीस्थल खरशाली में आज मंदिर के तीर्थपुरोहितों ने कपाट बंद करने की तिथि की घोषणा की।

### पंचकेदार

पंचकेदार में प्रतिष्ठित द्वितीय केदार मद्महेश्वर मंदिर के कपाट 20 नवंबर और तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट 04 नवंबर पूर्वाह्न 11 बजे बंद होंगे। कपाट बंद होने के बाद श्री मद्महेश्वर भगवान की चल विग्रह उत्सव डोली विभिन्न पड़ावों से होकर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंचेगी। मद्महेश्वर मेला 23 नवम्बर को आयोजित होगा।

गौरतलब है कि इस वर्ष अबतक 13 हजार 372 श्रद्धालुओं ने द्वितीय केदार मद्महेश्वर और 1 लाख 40 हजार 322 से अधिक तीर्थयात्रियों ने तृतीय केदार तुंगनाथ के दर्शन किये।

## त्यूणी

देहरादून जिले के त्यूणी में रायगी मंदिर के पास एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब छुमरा से त्यूणी जाते समय वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया।

## पंचाचुली ट्रैक

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत और पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने पंचाचुली बेस कैंप तक पर्यटकों के लिए सुविधाओं का निरीक्षण किया। पंचाचुली बेस कैंप तक के मार्ग पर ट्रैकिंग करते हुए कुमाऊं आयुक्त और जिलाधिकारी ने इस मार्ग की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को देखते हुए क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। दुग्तू गांव से पंचाचुली बेस कैंप मार्ग पर ट्रैक में फिसलन होने से यात्रा मार्ग पर पाटल लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने मार्ग को साफ–सुथरा रखने और कूड़ा फैलाने वालों का चालान करने के निर्देश दिए।

## कैदी फरार

हरिद्वार जिला जेल में चल रही रामलीला और निर्माण कार्य के दौरान दो कैदी जेल से फरार हो गए हैं। घटना के बाद जेल आईजी, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जेल का निरीक्षण किया। हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने बताया कि अपहरण और हत्या के मामले में दो कैदी जिला जेल में बंद थे जो फरार हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कैदियों की तलाश जारी है। साथ ही इस मामले की मजिस्ट्रेट जांच भी कराई जाएगी।

## प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के तहत एक सौ 93 कंपनियां लगभग 91 हजार इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी। इसके लिए पंजीकरण आज से शुरू हो रहे हैं जो 25 अक्तूबर तक चलेंगे। सरकार ने इन्टर्नशिप पोर्टल को प्रायोगिक परियोजना के तौर पर तीन अक्तूबर को शुरू किया था। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इन्टर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल – पी एम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन के माध्यम से प्रदान किये जा रहे हैं।